हरिभूमि

# गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शुक्रवार 21 नवंबर 2025

04 फाइनल में माधौगढ़ पर 12 अंकों के साथ हुई...



07 गुजरात की तर्ज पर थीम रोड व पछाड़ी खेड़ा लेक का सौंदर्यीकरण...





## समाचार संक्षेप

### यूनाइटेड इंश्योरेंश कंपनी के साथ आयोजित की प्रीसिटिंग बैठक



**गुना।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली व मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के आदेशानुसार 13 दिसम्बर शनिवार को प्रदेश में उच्च न्यायालय स्तर से समस्त जिला एवं तहसील मुख्यालयों पर नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। जिला गुना में भी में प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, गुना अमिताभ मिश्र के मार्गदर्शन में जिला मुख्यालय गुना, तहसील न्यायालय चांचौड़ा / राधौगढ़ / आरोन में भी नेशनल लोक अदालत आयोजित की जा रही है। यूनाईटेड इंश्योरेंश कंपनी लिमिटेड के साथ आयोजित प्रीसिटिंग बैठक में प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, गुना श्री अमिताभ मिश्र द्वारा सर्वोच्च न्यायालय की गाईडलाईन के बारे में अधिवक्तागण के साथ चर्चा की। यूनाईटेड इंश्योरेंश कंपनी लिमिटेड के प्रबंधक राजीराम जरिये वीडियों कॉफ्रेंसिंग उपस्थित रहे। साथ ही क्लेम एवं क्लेमेंट अधिवक्तागण उपस्थित रहें। श्री मिश्र द्वारा बताया गया कि आप राजीनामा के माध्यम से अपने पक्षकार को सुलभ एवं त्वरित न्याय दिला सकते हैं। यूनाईटेड इंश्योरेंश के प्रबंधक से चर्चा में लगभग 05-06 प्रकरणों में संभावना बनी।उक्त बैठक में जिला न्यायाधीश राधाकिशन मालवीय, राघवेन्द्र भारद्वाज एवं जिला विधिक सहायता अधिकारी सर्वेश चतुर्वेदी एवं अधिवक्तागण उपस्थित रहें।

### आरबीएसके के अंतर्गत ग्राम आंखखेड़ी के बालक को मिली नई जिंदगी

**गुना।** कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के मार्गदर्शन मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजकुमार ऋषिश्वर के निर्देशन, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (RBSK) के अंतर्गत एक महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। ग्राम आंखखेड़ी के 3 वर्षीय बालक प्रियांश पुत्र मनोज अहिरवार की मई 2025 में आरबीएसके टीम "बी" (बीनागंज) की चिकित्सक डॉ. प्रीति पांडे द्वारा नियमित जांच की गई। जांच के दौरान बच्चे की धड़कन असामान्य पाई गई, जिससे जन्मजात हृदय रोग का संदेह उत्पन्न हुआ। बालक के पिता एक छोटे किसान हैं और आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण बच्चे का संपूर्ण उपचार राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत पूर्णतः निःशुल्क किया गया, जिससे परिवार को बड़ी राहत मिली। आरबीएसके टीम 'बी' की चिकित्सक डॉ. प्रीति पांडे द्वारा बच्चे की जांच कर मामला जिला शीघ्र हस्तक्षेप केंद्र (DEIC) गुना को रेफर किया गया। इसके बाद आगे की जांच हेतु श्रीमती विनीता सोनी जिला शीघ्र हस्तक्षेप प्रबंधक द्वारा अरविंदो अस्पताल इंदौर रेफर करने के लिए आवश्यक दस्तावेजीकरण एवं रेफरल प्रक्रिया पूर्ण की गई। बच्चे को श्री अरविंदो अस्पताल, इंदौर में विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम द्वारा मूल्यांकन के उपरांत सफल ऑपरेशन किया गया। उपचार के बाद बच्चा पूर्णतः स्वस्थ होकर 16 जून को डिस्चार्ज कर दिया गया। इस पूरी प्रक्रिया में डॉ. राजेश कुमार पुष्पद, बीएमओ बीनागंज के मार्गदर्शन में त्वरित कार्यवाही की गई, जिससे सभी कार्य समय पर पूर्ण हो सके।



### नवोदय विद्यालय बजरंगगढ़ में पूर्व छात्रों का सम्मेलन 7 दिसम्बर को

**गुना।** गत वर्षों की भाँति इस वर्ष भी पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय बजरंगगढ, जिला- गुना में 7 दिसम्बर रविवार को प्रातः 10 बजे से भूतपूर्व छात्रों का सम्मेलन आयोजित किया जाना प्रस्तावित है। प्राचार्य नवोदय विद्यालय एचके मीना ने समस्त भूतपूर्व छात्रों से अपील करते हुये कहा कि वह नवोदय विद्यालय गुना में 7 दिसम्बर रविवार को सुबह 10 बजे अपनी गरिमामयी उपस्थिति देने का कष्ट करें, जिससे इस कार्यकम को सफल बनाया जा सके।

## आरोन-भोपाल हाईवे पर तेज रफ्तार का कहर जारी

# हादसे में तीन वेटनरी डॉक्टर की हुई मौत, चार घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

शहर से गुजरा आरोन-भोपाल हाईवे इन दिनों मौत की आहट सुना रहा है। ताजा मामला बजरंगगढ़ थाना क्षेत्र के भिलेरा गांव का है, जहां एक अंधा टर्न तीन लोगों की जान ले गया। दरअसल बुधवार-गुरुवार की दरम्यानी रात भीषण सड़क हादसे में 3 युवा वेटनरी डॉक्टर्स की जान चली गई, जबकि 4 अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। ट्रक से कार की टक्कर इतनी तेज थी कि 12-पहिया ट्रक पलट गया। हादसा देर रात करीब 2 बजे हुआ, जब अपने दोस्त की शादी से लौट रहे वेटनरी डॉक्टर्स की तेज रफ्तार कार गुना की तरफ से आ रहे एक बड़े ट्रक से टकरा गई। प्रत्यक्षदर्शियों और पुलिस के मुताबिक, यह टक्कर इतनी भीषण और ज़ोरदार थी कि कार का अगला हिस्सा पूरी तरह से चकनाचूर हो गया और उसके परखच्चे उड़ गए। वहीं, टक्कर की गति इतनी भयानक थी कि सामने से आ रहे लगभग 12-पहिया वाला ट्रक नियंत्रण खोकर सड़क पर पूरी तरह से घूम कर पलट गया।



### रात के सन्नाटे में चीत्कार

*सड़क पर चारों तरफ बिखरा मलबा हादसे की भयावहता की कहानी कह रहा था। रात के अंधेरे और सन्नाटे में घटनास्थल पर चीख-पुकार मच गई। देर रात होने के कारण रोड पर आवागमन नहीं था, जिससे घायल काफी देर तक दर्द से कराहते हुए मौके पर पड़े रहे। काफी देर बाद एक राहगीर उधर से निकला, जिसने मंजर देखते ही तत्काल डायल-112 पर सूचना दी। पुलिस टीम मौके पर पहुंची, जिसके बाद घंटों की भारी मशक्कत के बाद कार के मलबे से घायल और मृतकों को बाहर निकाला जा सका। जिला अस्पताल में डॉक्टरों ने तीन युवकों को मृत घोषित कर दिया। वहीं, दो की हालत बेहद गंभीर होने पर उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद भोपाल रेफर कर दिया गया।*

### ये हुए घायल

*इस हादसे में योगेश करोलिया पिता प्रेमचंद्र (वीआईपी कॉलोनी गुना), पारस करोलिया पिता होतम करोलिया (नेहरू नगर, भोपाल) को भोपाल रेफर किया है। सूरज जाटव पिता रमेश जाटव (आरोन, गुना) अजय शाक्य पिता निरंजन शाक्य (निवासी मुरैना) जिला अस्पताल में भर्ती हैं। फिलहाल पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।*

### इनकी हुई मौत

*हादसे के मृतक और घायल सभी युवक वेटनरी के प्रैक्टिसिंग डॉक्टर थे और इन्होंने साथ में पढ़ाई की थी। बुधवार रात वे सभी अपने एक साथी की शादी समारोह में शामिल होने गुना जिले के आरोन पहुंचे थे और वहीं से वापस लौट रहे थे। फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और जांच शुरू कर दी है। मृतकों में आकाश पिता राजू चौरसिया (मेहगांव, भिंड, नमोनारायण मीना (श्योपुर) और मनीष कुमार जाटव (चांचौड़ा) शामिल है*



### कलेक्टर ने दिए त्वरित राहत के निर्देश

*कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल द्वारा उक्त दुर्घटना का संज्ञान लेते हुये दुर्घटना में मृतकों के शवों को रेडक्रॉस सोसाइटी द्वारा उनके निवास निःशुल्क भिजवाने की व्यवस्था की गयी। सड़क दुर्घटना में मृत्यु होने के कारण मृतक और घायलों को आर्थिक सहायता हेतु प्रकरण तैयार किए जा रहे हैं। सभी घायलों को उपचार के लिये जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया हैं। जिनमें से गंभीर 2 घायलों को भोपाल रेफर किया गया है।*

### बस हादसे ने कंपा दी थी रूह

*जिस जगह यह हादसा हुआ, उसी स्थान पर साल-2023 में एक भीषण सड़क हादसा भी हो चुका है। इस हादसे में निजी यात्री बस में सवार 13 लोग जिंदा जल गए थे और इसका कारण भी अंधा मोड़ ही था। तेज गति से आ रहा डंपर सीधी ओर से आ रही बस से टकरा गया था, जिससे गुना जिले सहित पूरे प्रदेश में हड़कंप मच गया था। बड़ा सवाल यह है कि लगातार इस हाईवे पर हादसों में इजाफा होता जा रहा है, लेकिन प्रशासन से लेकर सरकार तक कोई ठोस कदम नहीं उठा रहा है।*

### इनका कहना है

हादसे में तीन लोगों की मौत हुई है, जबकि चार लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। हमें देर रात तकरीबन तीन बजे सूचना मिली थी। हमने तत्काल कार में फंसे हुए लोगों को बाहर निकालकर उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया। ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है।

**-कृपाल सिंह परिहार,** थाना प्रभारी बजरंगगढ़ गुना।



## हृदय में गर्व का भाव जागृत करता है वंदे मातरम

### तात्या टोपे यूनिवर्सिटी में हुआ वंदे मातरम का गायन

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

क्रांतिवीर तात्या टोपे विश्वविद्यालय प्रांगण में वंदे मातरम के गौरवशाली 150 वर्ष पूर्ण होने पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों एवं विद्यार्थियों द्वारा सम्पूर्ण गान गया गया।

उपस्थित विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह सिकरवार ने कहा कि आज पूरा राष्ट्र प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् के 150 वर्षों का जश्न मना रहा है। यह गीत सिर्फ शब्द नहीं हैं, बल्कि भावनाएं हैं जो हमारी आत्मा में गहराई तक बसी हुई हैं। हर मुश्किल में हमें एक करता है, और हर जीत पर सिर ऊंचा उठाने का साहस देता है। स्वतंत्र भारत के निर्माताओं ने भी इस गीत को राष्ट्र की आत्मा का प्रतीक माना। यही कारण है कि वंदे मातरम् आज भी प्रत्येक भारतीय के लिए श्रद्धा और गर्व का विषय है।

#### कांग्रेस ने हटाए दो छंद

बीजेपी जिलाध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस ने तुष्टिकरण के नाम पर इसके दो मूल छंद हटा दिए थे। वही छंद जो भारतमाता की दिव्य शक्ति का प्रतीक थे। देशभक्ति की ज्योति को तुष्टीकरण के पर्दे में ढक दिया गया।

उन्होंने सभी से स्वदेशी अपनाने एवं एसआईआर में सहयोग करने की अपील की। स्वागत भाषण में विश्वविद्यालय के कुलगुरु डॉ किशन सिंह यादव ने संस्थान द्वारा संचालित किए जा रहे विभिन्न पाठ्यक्रमों एवं गतिविधियों के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुल सचिव डॉ ललित नामदेव, परीक्षा नियंत्रक डॉ प्रभात चौधरी, डॉ देवेन्द्र भड़ेरिया, आदि मंचासीन रहे। आभार कार्यक्रम संयोजक ओमप्रकाश नरवरिया ने व्यक्त किया ।

## जबरन न लगाए जाएं स्मार्ट मीटर, जो लगा दिए गए, उन्हें भी बदलने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

जिले में स्मार्ट मीटर को लेकर उपभोक्ता गुरुवार को फिर लामबंद हुए। शहर के विभिन्न इलाकों से एमपीईची पहुंचकर ज्ञापन दिया गया। जिसमें जबरदस्ती स्मार्ट मीटर लगाए जाने पर नाराजगी जताई। साथ ही नए स्मार्ट मीटर ना लगाने और लगाए जा चुके स्मार्ट मीटर्स को भी मांग पर पुराने मीटर से बदलने की बात रखी।बिजली उपभोक्ता एसोसिएशन के बैनर तलेआज दोपहर में ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में बताया गया है कि स्मार्ट मीटर लगवाना या ना लगवाना उपभोक्ता की मर्जी है। उसे जबरन इसके लिए मजबूर नहीं किया जास कसता। बिजली अधिनियम 2003 की धारा 55 (1) के तहत उसे अधिकार है कि वह स्मार्ट मीटर लगवाने से मना करे। इसके बदल में बिजली काटने की धमकी देकर उपभोक्ता को डराने का प्रयास गलत है। इसके साथ ही जिन घरों में स्मार्ट मीटर लगाए जा चुके हैं, वहां से भी मांग आने पर मोटरों को बदलकर पुराने मीटर लगाने की मांग भी रखी गई।उपभोक्ताओं ने बताया कि सरकार की योजना भविष्य में इसे प्रीपेड करने की है। जो कि बिजली उपभोक्ताओं की जेब पर भारी पड़ेगा।

## शराब की अवैध फैक्ट्री पर पुलिस का छापा पांच लाख रुपए का लहान किया नष्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

एसपी अंकित सोनी के नेतृत्व में अवैध शराब कारोबारियों के खिलाफ लगातार कार्रवाईयों का सिलसिला जारी है। इसी क्रम में धरनावदा थाना क्षेत्र के ग्राम मुरादपुर में अवैध शराब निर्माण की सूचना पर पुलिस ने शराब माफियाओं द्वारा तैयार कर रखा लगभग 5 लाख कीमत का 7 हजार लीटर लहान किया नष्ट कर दिया। दरअसल धरनावदा थाना पुलिस को सूचना मिली थी कि मुरादपुर में पारदियों डेरों के पर अवैध शराब की फैक्ट्री संचालित हो रही है। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने दबिश देकर इस फैक्ट्री को नेस्तानाबूत कर दिया। हालांकि पारदियों के डेरों पर मौके पर तो कोई नहीं मिला लेकिन आसपास सर्चिंग करने पर ड्रमों आदि में शराब बनाने के लिये तैयार किया गया करीबन 7 हजार लीटर लहान भरा हुआ मिला, जिसे पुलिस फोर्स द्वारा मौके पर ही नष्ट किया गया। अवैध शराब के विरूद्ध की गई इस कार्रवाई में सउनि अनिल कदम, झागर चौकी प्रभारी सउनि राजीव गौड, सउनि सैय्यद साजिद हुसैन, प्रधान आरक्षक दिनेश रघुवंशी, प्रधान आरक्षक कल्याण सिंह, प्रधान आरक्षक जोगेश शर्मा, प्रधान आरक्षक अजय कुमार, आरक्षक रघुकुल मिश्रा, आरक्षक धर्मेन्द्र धाकड़, आरक्षक राकेश गुर्जर, आरक्षक राघवेन्द्र बुन्देला, आरक्षक राजेश परिहार, आरक्षक अवधेश परिहार एवं सैनिक सुखलाल की महत्वपूर्ण भूमिका रही ।



### सामाजिक न्याय व श्रम विभाग की समीक्षा बैठक संपन्न

**गुना।** कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सामाजिक न्याय विभाग एवं श्रम विभाग की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। सामाजिक न्याय विभाग की समीक्षा करते हुये कलेक्टर ने जिला दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र में रिक्त पदों की पूर्ति शीघ्र किये जाने के निर्देश दिये गये। इस संबंध में प्र. उपसंचालक सामाजिक न्याय विभाग अब्दूल गफ्फार ने बताया कि सीनियर प्रोस्थेटिस्ट/ ऑर्थोटिस्ट (ओएच श्रेणी) हेतु मानदेय राशि 20 हजार 500 रूपये एवं योग्यता आरसीआई द्वारा मान्यता प्राप्त किसी भी संस्थान से प्रोस्थेटिक्स और ऑर्थोटिक्स (बीपीओ) में स्नातक निर्धारित है। उन्होंने बताया कि उक्त पद हेतु इच्छुक उम्मीदवार उपसंचालक सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन से संपर्क कर सकते है। ग्रामीण एवं नगरीय निकायों में पदस्थ सामाजिक सुरक्षा अधिकारियों को पेंशन होल्ड किये गये हितग्राहियों का सत्यापन कार्य 30 नवम्बर तक शत-प्रतिशत पूर्ण करने के निर्देश दिये है।

## जिले में खनिज नियमों के उल्लंघन पर तीन खदानों के पट्टे निरस्त

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देशानुसार एवं खनिज अधिकारी सचिन वर्मा के मार्गदर्शन में जिले में असंचालित एवं संचालित खदानों में पट्टे की शर्तो का उल्लंघन व मृतकर (डेडरेन्ट) का भुगतान आदि नहीं करने वाले पट्टेदारों की खदानों का भौतिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में पट्टे/अनुबंध पत्र की शर्तो तथा म.प्र. गौण खनिज नियमावाली 1996 के नियमों के उल्लंघन पाये जाने के कारण 03 खदानें कृष्णा रघुवंशी, श्री रघुवीर सहरिया एवं हेमराज खरे की खदानें निरस्त कर दी गयी है। गुना शहर में गौण खनिजों का विक्रय फड़ लगाकर किया जाता है, उक्त स्थित को दृष्टिगत रखते हुए ग्राम नानाखेडी. की निजी भूमि ख0क्र0 134/7/2 रकबा 0.1004 हे. क्षेत्र पर फड संचालक मैसर्स जैन बिल्डिंग मटेरियल गुना प्रोप. सोनम जैन पत्नि सचिन जैन निवासी सिसौदिया कॉलोनी गुना को गौण खनिजों के व्यापार करने के लिये खनिज व्यापारिक अनुज्ञप्ति स्वीकृत की गई है। इसे एक मॉडल के रूप में प्रसारित किया गया है, साथ ही प्रशासन द्वारा अन्य खनिज फड मालिकों से खनिज कार्यालय गुना में आवेदन पत्र प्रस्तुत कर व्यापारिक अनुज्ञप्ति प्राप्त करने हेतु अपील की गई है।

## अलग प्रजाति का सांप, डंसने पर हो जाती है किडनी फेल

# कुशमौदा क्षेत्र में निकल रहे खतरनाक रसेल वाइपर

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

शहर के कुशमौदा क्षेत्र में इन दिनों सर्प की खतरनाक प्रजातियों में से एक रसेल वाइपर के निकलने से लोगों में दहशत है। बारिश के बाद से अभी तक तकरीबन आधा दर्जन लोगों के घर-दुकान से सांप की यह प्रजाति मिली है। हालांकि कुछ लोगों ने स्थानीय सर्प विशेषज्ञों की मदद से इन सांपों को पकड़वाया है, जबकि कुछ का वन विभाग की टीम ने रेस्क्यू किया है। वन विभाग के मुताबिक यह सर्प इतना खतरनाक होता है, कि अगर यह किसी का डस ले, तो व्यक्ति की किडनी फेल होने से मौत हो जाती है। जबकि कुछ मामलों में व्यक्ति के शरीर में खून के थक्के जम जम जाते हैं। विभाग के मुताबिक रसेल वाइपर दुर्लभ प्रजाति का सर्प होता है, जो अमूमन कम स्थानों पर पाया जाता है।



### अब कारखाने में निकला सांप

कुशमौदा इलाके की एवन कालोनी के बाद एक ट्रॉली कारखाने में सांप निकला। इसके बाद वन विभाग को सूचना दी गई। दरअसल महिंद्रा ट्रैक्टर शो रूम के पीछे एसएस ट्रॉली कारखाने में गुरूवार सुबह खतरनाक सांप देखा गया था। जिसकी सूचना वन अमले को दी गई। सूचना पर वन अमले के शिवम उपाध्याय, अभिषेक झा और सर्प मित्र पप्पू मौके पर पहुंचे और बड़ी सावधानी से स्नैक केचर की मदद से खतरनाक सांप को पकड़ लिया। रसेल वाइपर स्नेक के बारे में उन्होंने बताया कि इसका जहर हीमोटॉक्सिक होता है। यानी ये खून में मिलने पर खून के थक्के बनने लगते हैं। इसके डंसने पर किडनी फेल होने जैसी खतरनाक स्थिति पैदा हो सकता है।

### वन विभाग बोला, सर्प को मारे नहीं

*एक वयस्क रसेल वाइपर सांप काटते समय 130-250 मिलिग्राम जहर शिकार के अंदर छोड़ता है, जबकि इंसान की मौत के लिए सिर्फ 40 मिलिग्राम जहर ही काफी है। इसी से अंदाजा लगा सकते हैं कि इसका जहर कितना खतरनाक है। हालांकि सांप को सुरक्षित जंगल में छोड़ दिया गया। वन अमले की अपील है कि सांप दिखे तो सावधानी रखें उन्हें मारें नहीं। तत्काल वन विभाग को सूचना दें, ताकि उन्हें सुरक्षित जंगल में छोड़ा जा सके।*

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

कल के अंक में देखें

हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसका महाबम्बर ड्रा दिनांक 22 नवंबर 2025 से निकाला जायेगा।

भाग्यशाली पाठकों के उपहार देने की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।

## समाचार संक्षेप

### पिता का लिया हुआ संकल्प बेटा ने किया पूरा



**गुना।** पूज्य गुरुदेव ब्रह्मलीन आचार्य वाचस्पति जी शुक्ल की प्रेरणा से धर्मनिष्ठ ,समाजसेवी स्वर्गीय शिवकुमार भारद्वाज (सेवा निवृत्त विकास अधिकारी भारतीय जीवन बीमा निगम) साडा कॉलोनी द्वारा शिक्षा/ चिकित्सा जगत में कार्य हेतु सतसंकल्पित उनकी इच्छा अनुरूप उनकी धर्मपत्नी शोभा भारद्वाज सुपुत्र राजीव भारद्वाज, पुत्रवधु लता भारद्वाज परिवार द्वारा हनुमत धाम -आवन मंदिर पर करोड़ों रुपए मूल्य की 8.50 बीघा भूमि दान की जिसकी रजिस्ट्री समिति (सचिव नंदकुमार लोधा ) को सोंपी गई है।

### टेंपो पलटा, चालक की मौत



**राघोगढ़ ।** टेंपो चालक वाहिद अली सुबह 8 बजे के करीब स्कूल के बच्चों को छोड़ने जा रहा था । तभी नेशनल हाईवे 46 के सर्विस रोड पर मकान निर्माण की सामग्री बीच रोड पर पड़े होने के कारण टेंपो आनियंत्रण होकर पलट गया । जिसमें चालक गंभीर रूप से घायल हो गया डायल 112 की मदद से जिला अस्पताल पहुंचाया गया जहां उपचार के दौरान उसकी मृत्यु हो गई।

### 5 साल से बिछड़ा व्यक्ति समाजसेवी की मदद से अपने परिवार से मिलाया गया

**कुंभराज ।** क्षेत्र में एक मानसिक रूप से अस्वस्थ व्यक्ति के लावारिस घूमने की सूचना समाजसेवी प्रमोद भार्गव को प्रमेंद्र राणा द्वारा मिली थी। सूचना मिलते ही भार्गव ने उस व्यक्ति को गुना बुलवाया और रातभर उसकी देखरेख की।पूछताछ में उसने अपना नाम धर्मेंद्र जादौन निवासी बोलाई गांव, जिला शाजापुर बताया। उसने अपने भाई का नाम लल्लू जादौन बताया।प्रमोद भार्गव ने तुरंत उसके परिवार की खोजबीन शुरू की,



जो अंततः मिल गया।धर्मेंद्र के भाई लल्लू जादौन ने बताया कि वह करीब 15–20 वर्ष पहले काम की तलाश में गुजरात गया था जिसके बाद उसका कोई पता नहीं चला। इतने वर्षों बाद वह मानसिक बीमारी की अवस्था में मिला।आज सुबह धर्मेंद्र के दोनों भाई, जीजाजी और भतीजे उसे लेकर अपने घर के लिए रवाना हो गए।प्रमोद भार्गव ने बताया कि पूरी प्रक्रिया में गुना कैंट पुलिस और धर्मेंद्र राणा, पटवारी का महत्वपूर्ण सहयोग रहा।समाजसेवी प्रमोद भार्गव लगातार निराश्रित और मानसिक रूप से बीमार लोगों की मदद करते आ रहे हैं।

### मतदाता सूची SIR-2026 की प्रगति पर हुई समीक्षा

**गुना।** भारत निर्वाचन आयोग की निदेशक शुभ्रा सक्सेना एवं सचिव विनोद कुमार ने प्रदेश के सभी जिलों के कलेक्टरों एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों के साथ वर्चुअल बैठक कर मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR-2026) की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी म.प्र. संजीव कुमार झा भी उपस्थित रहे। गुना जिले में बैठक में शामिल होने के लिए कलेक्ट्रेट स्थित एनआईसी कक्ष से कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल, अपर कलेक्टर एवं अखिलेश जैन, एसडीएम शिवानी पाण्डेय तथा इलेक्शन सुपरवाइजर विजय माथुर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उपस्थित रहे।

## युवा आदर्श एकता मंच के नेतृत्व में सफल हुआ प्रदेश स्तरीय रात्रिकालीन टूर्नामेंट

# फाइनल में माधौगढ़ पर 12 अंकों के साथ हुई बड़ी जीत

हरिभूमि न्यूज ⏭आरोन







युवा आदर्श एकता मंच द्वारा समाजसेवी स्व. चौधरी गणेशराम रघुवंशी की पुण्य स्मृति में आयोजित राज्य स्तरीय रात्रिकालीन कबड्डी टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला आरोन और माधौगढ़ के बीच खेला गया।

टूर्नामेंट का संपूर्ण संचालन और आयोजन मंच की टीम द्वारा उत्कृष्ट रूप से किया गया। फाइनल में आरोन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए माधौगढ़ को 12 अंकों से पराजित कर राज्य स्तरीय कबड्डी 2025 का खिताब जीता।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मंच के संरक्षक एवं क्षेत्रीय विधायक जयवर्धन सिंह रहे। विशेष अतिथियों में राजगढ़ प्रभारी मेहरबान सिंह धाकड़, नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि मिंटू लाल जैन, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि रामलला यादव, तथा जनपद अध्यक्ष चंद्रमोहन मीना (राधौगढ़) शामिल रहे।फाइनल से पूर्व अतिथियों ने स्व. चौधरी गणेशराम रघुवंशी के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण किया।

टॉस संपन्न करवाने के पश्चात मैच की शुरुआत हुई जिसमें दोनों टीमों ने दमदार खेल दिखाया।विधायक जयवर्धन सिंह ने कहा—"युवा आदर्श एकता मंच सामाजिक व खेल गतिविधियों में प्रदेशभर में एक मजबूत पहचान बना चुका है। यह मंच लगातार युवाओं को अवसर और मंच प्रदान कर रहा है। मैं मंच अध्यक्ष शिवा यादव और पूरी टीम को इस उत्कृष्ट आयोजन के लिए बधाई देता हूँ।"

विजेता टीम आरिफ ट्रेडर्स आरोन को 51,000 नगद पुरस्कार एवं ट्रॉफी, तथा उपविजेता टीम माधौगढ़ को 25000 नगद राशि एवं ट्रॉफी प्रदान की गई।मंच अध्यक्ष शिवा यादव ने कहा कि युवा आदर्श एकता मंच आगे भी सामाजिक, सांस्कृतिक और खेल गतिविधियों के माध्यम से युवाओं को जोड़ने का कार्य इसी ऊर्जा के साथ करता रहेगा।आयोजन को सफल बनाने में मंच टीम के—विकास रघुवंशी, रवि चौरसिया, सचिन जैन, कमल ग्वाल, मुनेश यादव, श्रीराम माली, दिशांत यादव, मोनू यादव, सोनू सिलावट, मनोज गोस्वामी, हरिओम नामदेव, दिलीप कुशवाह, पवन शर्मातथा अन्य युवाओं का विशेष योगदान रहा।

## जिला स्तरीय महिला खो-खो प्रतियोगिता गुना ने जीती




हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

गुना मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के अनुपालन में जिला स्तरीय महिला खो खो प्रतियोगिता का आयोजन पीजी कॉलेज के खो-खो ग्राउंड पर किया गया। जिला स्तरीय महिला खो खो प्रतियोगिता में कुल 6 टीमों ने भाग लिया । जिसमें अशोकनगर मुगावली चाचौड़ा बीनागंज कुंभराज और गुना टीम ने भाग लिया। प्रतियोगिता का पहला मैच अशोकनगर और चाचौडा के बीच खेला गया। जिसमें अशोकनगर 12- 4 से मैंच जीता । दूसरा मैच कुंभराज और बीनागंज के बीच खेला गया। जिसमें कुंभराज ने बीनागंज को 8-6 से हराया।प्रतियोगिता का तीसरा मैच अशोक नगर और गुना के बीच खेला गया । जिसमें गुना ने अच्छा खेल का प्रदर्शन करते हुए अशोकनगर को 12- 4 से हरा कर फाइनल मे प्रवेश किया। महिला को-को प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला गुण और मुंगावली के बीच खेला गया । जिसमें गुना ने अच्छा खेल का प्रदर्शन करते हुए मुंगावली को 3 -2 से महिला जिला स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता जीती। इस प्रतियोगिता में उपस्थित डॉक्टर राजीव सक्सेना कीड़ा प्रभारी हरवीर सिंह रघुवंशी चंद्रशेखर जाटव अशोक नगर डॉ नवीन चौधरी बीनागंज डॉ विनोद छारी बीनागंज आशीष दुबे पर्यवेक्षक शैलेंद्र शर्मा विधि महाविद्यालय गुना मनोज शुक्ला पीजी कॉलेज गुना डॉक्टर आनंदी यादव मुंगावली रेफरी की भूमिका शिवराज सिंह भदोरिया खेल युवक कल्याण विभाग विकासखंड समन्वयक अरोन जबकि अंपायर की भूमिका में राम राजपूत राजकुमार एवं दीपक रघुवंशी पीजी कॉलेज गुना का समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

## शिप्रा एक्सप्रेस को सप्ताह में दो दिन मक्सी गुना होकर चलाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭राघौगढ़

सांसद प्रतिनिधि एवं रेल उपभोक्ता सलाहकार समिति मंडल भोपाल के सदस्य विजय कुमार जैन ने पूर्व मुख्यमंत्री एवं राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह को मांग पत्र भेजकर मांग की है कि इंदौर से हावड़ा शिप्रा एक्सप्रेस क्रमांक 22911- 12 को सप्ताह में दो दिन मक्सी गुना बीना होकर चलाया जाये । आपने पत्र में उल्लेख किया है कि गत 31 अक्टूबर 25 को भोपाल रेल मंडल के सांसदों की बैठक आयोजित की गई थी। जिसमें इन्होंने सांसद प्रतिनिधि के रूप में भाग लिया था। उस बैठक में जानकारी दी गई थी कि शिप्रा एक्सप्रेस वर्तमान में 3 दिन चलती है, इस ट्रेन को प्रतिदिन चलाने का प्रस्ताव है। आपने पत्र में उल्लेख किया है कि शिप्रा एक्सप्रेस जैन समाज के सर्वोच्च तीर्थ सम्मेद शिखरजी पारसनाथ स्टेशन होकर चलती है। वर्तमान में ब्यावरा, बीनागंज, कुंभराज, रुठियाई, गुना, शाढ़ौरा, अशोकनगर, पिपरई, मुंगावली से कोई भी ऐसी ट्रेन नहीं है जो पारसनाथ होकर जाती हो। जैन तीर्थ यात्रियों को श्री सम्मेद शिखर जी जैन तीर्थ की यात्रा करने के लिए बीना अथवा ग्वालियर से ट्रेन बदलकर यात्रा करनी पड़ती है। आपने यह मांग की है कि यह ट्रेन प्रतिदिन चलती है तो सप्ताह में दो दिन मक्सी गुना बीना होकर चलाया जाये।विजय कुमार जैन ने दिग्विजय सिंह से आग्रह किया है कि हमारी इस मांग की अनुशंसा अश्वनी वैष्णव रेल मंत्री भारत सरकार को करने की कृपा कष्ट करें।



## एकल श्री हरि कथा प्रसार योजना के तहत विद्यालय ग्रामों पर होगी सत्संग प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना




एकल श्री हरि कथा प्रसार योजना के अंतर्गत विद्यालय ग्रामों पर होगी सत्संग प्रतियोगिता। जिसकी तैयारियों को लेकर चंबल भाग केन्द्र गुना कार्यालय पर एक दिवसीय बैठक आयोजित की गई। जिसका प्रारंभ भारत माता एवं सरस्वती माता के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया।बैठक में श्री हरि कथा संभाग अध्यक्ष घनश्याम रघुवंशी, संभाग व्यास संजय शरण, श्रीहरि संभाग कार्यालय प्रमुख पप्पू सिंह नायक, भाग महिला समिति अध्यक्ष आशा रघुवंशी, अंचल गुना अध्यक्ष मनीष भार्गव एवं अंचल सचिव विकास जैन नखराली मुख्य रूप से उपस्थित रहे। बैठक में एकल श्री हरि कथा प्रसार योजना के माध्यम से समस्त एकल विद्यालय ग्रामों पर सत्संग प्रतियोगिता का आयोजन होने जा रहा हे जिसकी तैयारियों को लेकर कार्य का विभाजन किया गया। जिसमें विद्यालय ग्रामों पर रजिस्ट्रेशन एवं ग्राम सत्संग/ उपसंच/ संच अंचल एवं संभाग स्तरीय सत्संग प्रतियोगिता में भागीदारी हेतु हर विद्यालय ग्राम से उपस्थिति रहेगी। संभाग अध्यक्ष श्री रघुवंशी ने सभी व्यास कथाकारों को सत्संग प्रतियोगिता के बारे में जानकारी दी। बैठक को संबोधित करते हुए एकल सचिव विकास जैन ने एकल श्री हरि कथा प्रसार योजना के आगामी विषय बिंदुओं पर चर्चा की। श्री जैन ने कहा कि एकल श्रीहरि कथा के माध्यम से संस्कार शिक्षा एवं एकल श्रीहरि कथा के द्वारा गांव गांव में संचालित सत्संग केंद्रों को प्रभावी बनाने में सभी सत्संग को दैनिक मंडलियों में उत्साह निर्माण करके सत्संग के प्रति रुचि बढ़ाने तथा साप्ताहिक सत्संग को दैनिक सत्संग प्रेरित बनाने का उद्देश्य से एकल अभियान संस्कार शिक्षा के माध्यम से सत्संग प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भारत गांव का देश है और इसकी आत्मा धर्म में बसती है हमारा गांव-गांव में संगठन खड़ा करने का माध्यम ही सत्संग है।

## विधायक ने शासन से मांगा जवाब

**अशोकनगर।** जिले के चन्देरी के विधायक जगन्नाथ सिंह रघुवंशी ने विधानसभा के शीतकालीन सत्र में राजस्व मंत्री से जानकारी मांगी है और अशोकनगर के राजस्व रिकार्ड के संबंध में प्रश्न लगाया है।



जिसमें कहा गया है कि अशोकनगर जिले में वर्ष 1947 से 1963 के मध्य की भूमि का अधिकांश रिकार्ड जिसमें खसरा, खतौनी और मिस्तार पत्रक आदि जिला प्रशासन के पास उपलब्ध हैं या नहीं यदि हैं तो किसानों से यह किस आधार पर पूछा जा रहा है कि उनकी भूमि निजी स्वामित्व में आई। शासन के संज्ञान मे यह तथ्य है कि रिकार्ड अभाव के बाबजूद अनेक किसानों की भूमि जो दशकों से उनके कब्जे व खसरा खतौनी में दर्ज है उन्हे शासकीय बताकर विवादित किया जा रहा है। उन्होंने जानकारी चाही है कि भू अभिलेखों के सरंक्षण और संवर्धन की जिम्मेदारी किसकी है। यदि प्रशासन की है और अभिलेख अनुपलब्ध होने की स्थिति में उसकी क्या जबावदेही तय की गई है। जिले में कितने ग्राम नक्सा विहीन है उनमें भूमि विवाद रोकने और अभिलेख दुरूस्ती हेतु अब तक क्या कार्यवाही की गई है। नक्सा विहीन ग्रामों के नक्से कब तक तैयार होंगे क्या कोई समय सीमा तय की गई है।

## मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के मुंगावली थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम मल्हारगढ़ निवासी मलखान अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी रवि और राजाबाबू अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के मुंगावली थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पिपरिया मल्हारगढ निवासी जितेन्द्र लोधी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी धर्मेन्द्र दांगी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। बहादुरपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम ऑक्सी चक्क निवासी निवासी राजकुमार आदिवासी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी तोफान, विजयपाल और करण आदिवासी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इसी घटना में दूसरे पक्ष की ओर से मिथलेश बाई आदिवासी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि राजकुमार आदिवासी ने घर में घुसकर उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के कुलुआ चक्क निवासी अरबिंद कटारिया ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी हीरालाल, रवि मिथलेश, रतनसिंह कटारिया ने उससे मारपीट की ।



## योजनाओं का क्रियान्वयन व निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित

**अशोकनगर।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश जैन द्वारा गुरूवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत आदिवासी बाहुल्य ग्रामों योजनाओं का क्रियान्वयन एवं निर्माण कार्यो की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में सीईओ जिला पंचायत जैन ने निर्देश दिए कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयुष्मान कार्ड से वंचित व्यक्तियों के शत प्रतिशत आयुष्मान कार्ड बनाये जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि जनजातीय वर्ग के लोगों के लिए मोबाईल यूनिट के माध्यम से स्वास्थ्य सुविधा मुहैया कराई जाए। उन्होंने पीएम जनमन आवास का निर्माण पूर्ण गुणवत्ता के साथ समय सीमा में पूर्ण कराया जाए। अनुसूचित जाति-जनजाति वर्ग के छात्र-छात्राओं के लिए बनाये जा रहे छात्रावास निर्माण का कार्य यथाशीघ्र पूर्ण कराया जाए। जिससे छात्र-छात्राओं को लाभ मिल सके। उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि अपने-अपने विभाग अंतर्गत चल रहे निर्माण कार्यो का कार्य गुणवत्ता हो यह सुनिश्चित किया जाए। साथ ही पूर्ण कार्य होने पर संबंधित विभाग को हेण्डओवर किया जाए। उन्होंने पीएम जनमन आवास योजना के तहत पूर्ण आवासों में शत प्रतिशत विद्युतीकरण का कार्य किये जाने के निर्देश संबंधित विभाग को दिए।

## सेवा सप्ताह समापन के साथ बाल दिवस मनाया

**अशोकनगर।** लायंस हेल्पिंग हैंड्स ने लायन सुनीता जैन कि अध्यक्षता में आयोजित किया और सेवा सप्ताह समापन समारोह साथ ही बाल दिवस मनाया। सेवा सप्ताह सेवांकुर के सम्पन्न पर क्लब अध्यक्षा द्वारा सभी सदस्यों को उनके सहयोग के लिए स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया।

सेवा सप्ताह में प्रांत द्वारा दिए गए सभी कार्यक्रम क्लब द्वारा किए गए। कार्यक्रम में मंच संचालन पीएमजेफ लायन वैशाली सलूजा द्वारा किया गया। उन्होंने बताया कि अनुसूचित जाति बालिका छात्रावास पठार पर क्लब सदस्यों द्वारा बच्चियों के साथ कार्यक्रम आयोजित किया गया। बच्चियों ने सरस्वती वंदना गई, नृत्य की प्रस्तुति दी, गीत गाये गए साथ ही क्लब सदस्यों के साथ बहुत अच्छा समय व्यतीत किया।




सदस्यों द्वारा पेन, बिस्किट, नैपकिन और टॉफियां बच्चों में बंटी गई। कार्यक्रम में क्लब डायरेक्टर वैशाली सलूजा, अध्यक्ष सुनीता जैन, फिरोज सुल्ताना, रीना मनोज शर्मा (नगरपालिका उपाध्यक्ष),मेंबर चेयरपर्सन रीना यादव, संतोष चंदेल, सुरभि जैन और अन्य अतिथि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के आयोजन में सहयोग के लिए छात्रावास की वार्डन किरण शिल्पकार का क्लब द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

## पुलिस को घटना की दी जानकारी

## नाबालिग बालिका फोन कर युवक को बुलाती रही, युवक ने आने से इंकार किया

**अशोकनगर।** आए दिन इस तरह के मामले सामने आते रहे हैं कि नाबालिग बालिकाएं युवकों के साथ घर से भाग जाती हैं जिसके बाद पुलिस उन बालिकाओं के साथ आरोपियों की तलाशने में जुट जाती है। लेकिन एक यहां युवक की सराहना की जा रही है। जब एक नाबालिग बालिका ने युवक को फोन कर बुलाया तब युवक ने आने से इन्कार कर दिया और पुलिस की शरण में पहुंच गया। जिसके बाद बालिका अब अपने परिवार के साथ सुरक्षित है। यदि ऐसा ही अन्य युवक करें तो बालिकाओं को सुरक्षित बचाया जा सकता है।

इस पूरे मामले में युवक ने नाबालिग की उम्र को देखते हुए सराहनीय जिम्मेदारी का परिचय दिया। बालिका द्वारा बुलाने के बावजूद उसने आने से स्पष्ट इंकार करते हुए तत्काल पुलिस चैकी पहुंचकर स्वयं पूरी जानकारी दी। युवक द्वारा प्रदत्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम, बालिका के परिजनों तथा युवक के साथ बताए गए लोकेशन पर पहुंची, जहाँ से नाबालिग बालिका को मात्र 04 घंटे के भीतर सुरक्षित दस्तयाब कर परिजनों के सुपुर्द किया गया। गुरूवार को फरियादी द्वारा थाना कचनार में रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि रात लगभग 10 बजे परिवार सहित भोजन करके सोने के बाद सुबह 5 बजे जब नींद खुली तो उसकी करीब 15 वर्षीय नाबालिग पुत्री घर पर नहीं मिली। किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला-फुसलाकर ले जाने की आशंका पर से थाना कचनार में अपराध क्रमांक 257/25 धारा 137(2) बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

मामले की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए, पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा द्वारा तत्काल प्रभाव से आवश्यक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया। थाना प्रभारी कचनार उनि. पूनम सेलर तथा चौकी प्रभारी भादौन उनि. सुनील पुरवैया द्वारा तत्काल एक टीम गठित कर खोजबीन प्रारंभ की गई। विवेचना के दौरान पता चला कि नाबालिग बालिका गांव के ही युवक तुलसी पारदी से फोन पर संपर्क कर रही थी तथा उसे अपने पास बुला रही थी। युवक द्वारा नाबालिग की उम्र को देखते हुए अत्यंत जिम्मेदारी का परिचय देते हुए आने से इनकार किया गया तथा स्वयं तत्काल पुलिस चैकी पहुंचकर सूचना दी। युवक द्वारा दी गई जानकारी पर पुलिस टीम, बालिका के परिजनों व युवक के साथ बताए गए स्थान पर पहुंची, जहां से नाबालिग बालिका को मात्र 04 घंटे में सकुशल दस्तयाब कर लिया गया तथा उसे परिजनों के सुपुर्द किया गया।

## 17 परिवार बेदखली के आदेश के बाद पहुंचे कलेक्टर कार्यालय



**अशोकनगर।** शहर के पलका टोरी औद्योगिक क्षेत्र में निर्माण कार्य चल रहा है उसी स्थान पर 17 परिवार यहां पिछले 30 सालों ने निवास कर रहे हैं। तहसीलदार द्वारा इन सभी परिवारों को बेदखली के नोटिस जारी किए गए हैं। नोटिस मिलने के बाद यह सभी परिवार कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचे, उनके साथ सरपंच गंगा बैरागी भी मौजूद थीं। इस दौरान यहां रह रहे इन परिवारों में अधिकाश लोग मजदूर तपके के हैं जिनमें महिलाएं और बच्चे शामिल हैं। यहां वर्षों से वह निवास कर रहे हैं सरपंच ने कहा है कि उन्हें वही पर रखा जाए। जिन्होंने कहा है कि वह सालों से यहां पर रहते आ रहे हैं इन परिवारों का कहना है कि यदि उन्हें यहां से हटाया गया तो इस ठण्ड के मौसम में वह कहां पर जाएगें। ऐसी स्थिति में उन्होंने वहां से न हटाए जाने की मांग की है।

## पटेल की जयंती के उपलक्ष्य में यूनिटी मार्च आज

हरिभूमि न्यूज ⏭अशोकनगर

भारत सरकार के निर्देशानुसार सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में जिले में यूनिटी मार्च का आयोजन 21 नबम्वर को प्रातः09 बजे से अम्बेडकर भवन अशोकनगर से किया गया है।

पत्रकारों से बातचीत करते हुए कलेक्टर आदित्य सिंह ने बताया कि जिले में एकता पद यात्रा का आयोजन 21 नबम्वर को प्रातः 09 बजे अम्बेडकर भवन अशोकनगर से प्रारम्भ होकर शंकरपुर मगरदा, मोहरीराय, तमोईया चक्क, सिंकन्दरा, बण्डा झौरा से होते हुये तूमैन पर समाप्ति होगी। उन्होंने




बताया कि युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय, मेरा भारत के माध्यम से विकसित भारत पदयात्राएँ आयोजित कर रहा है। इस पहल का उद्देश्य युचाओं में राष्ट्रीय गौरव जगाना, समाज के प्रति जिम्मेदारी बढ़ाना और एकता की भावना को मजबूत करना है। यह कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन भागीदारी से राष्ट्र निर्माण के विजन से प्रेरित है। इसमें युवा से लेकर वरिष्ठ नागरिक तक, सभी मिलकर देश के इतिहास को याद करते हैं और राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका निभाते हैं। खासकर अमृत पीढ़ी यानी आज के युवाओं की भूमिका पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।इसी पहल के तहत, 6 अक्टूबर को मंत्रालय ने सरदार 150 यूनिटी मार्च की शुरुआत की। यह भारत सरकार और माय भारत की पहल है, जो लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती को समर्पित है। इस राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में एकता, देशभक्ति और कर्तव्य भावना को जागृत करना है। सरदार पटेल ने जिस तरह बिखरे हुए भारत को एक भारत बनाया, उसी भावना को यह पदयात्रा आगे बढ़ाएगी। इस अभियान के जरिए युवाओं को एक भारत और आत्मनिर्भर भारत के आदर्श अपनाने के लिए प्रेरित किया जाएगा। पदयात्रा के दौरान सरदार पटेल की प्रतिमा/चित्र पर श्रद्धांजलि, आत्मनिर्भर भारत शपथ, सांस्कृतिक कार्यक्रम और प्रमाणपत्र वितरण होगा।

## पुलिस ने सिविल सर्जन पर लापरवाही से वाहन चलाने का मामला किया दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭अशोकनगर

जिला अस्तपाल के सिविल सर्जन डॉ. भूपेन्द्र शेखावत द्वारा 12 नबंवर को तुलसी सरोवर रोड पर सड़क किनारे खड़ी एक कार को टक्कर मार दी थी। जिसके 7 दिन बाद पुलिस ने फरियादी की शिकायत और जांच के आधार पर सिविल सर्जन पर एफआईआर दर्ज की है। घटना 12 नबंवर की है जिसकी शिकायत शुभम पुत्र अनिल जैन निवासी तुलसीसरोवर कॉलोनी ने दर्ज कराई थी जिसमें कहा गया था कि 12 नबंवर को शाम 7:45 बजे सिविल सर्जन डॉ. भूपेन्द्र शेखावत अपने बुलेरो वाहन एमपी 67 टी 0614 को लापरवाही पूर्वक चलाकर ले जा रहे थे तभी उन्होने उसकी कार के एक हिस्से में रगड मारते हुए चली गई थी। जिससे उसकी कार को नुकसान हुआ था। यह पूरी घटना सीसीटीव्ही कैमरे में रिकार्ड हो गई थी। घटना स्थल देहात थाने के अंतर्गत आने के बाद शुभम जैन ने मामला दर्ज करने की मांग की थी। आवेदन और सीसीटीव्ही फुटेज के आधार पर पुलिस ने सिविल सर्जन के खिलाफ मामला दर्ज किया है।



## खबर संक्षेप

### नगर में आज निकलेगी भव्य बिनौली यात्रा

**अशोकनगर।** श्री दर्शनोदय अतिशय क्षेत्र थूबोनजी में विराजमान राष्ट्रीय संत निर्यापक श्रमण मुनिपुंगव श्री सुधासागर जी महाराज आगामी 23 नवंबर रविवार को प्रथम बार अपने संघस्थ ब्रह्मचारियों को जैनेश्वरी दीक्षा प्रदान करेंगे। आज उन्हीं दीक्षार्थियों की भव्यतम बिनौली यात्रा अशोकनगर में श्री दिगंबर जैन पंचायत कमेटी अशोकनगर के तत्वावधान में निकाली जाएगी। जैन समाज अध्यक्ष राकेश कांसल ने बताया कि यह संपूर्ण जिले के लिए बहुत सौभाग्य की बात है जो यह वृहद आयोजन हमारे क्षेत्र थूवोनजी में होने जा रहा है। शाम 7 बजे से प्रारंभ होने वाली यह बिनौली यात्रा पाश्र्वनाथ जिनालय से प्रारंभ होकर गांधी पार्क, पुराना बाजार, प्रोसेशन रोड, सुराना चैराहा, इंदिरा पार्क, स्टेशन रोड होते हुए गंज मंदिर प्रांगण में समापन होगी। नितिन बज ने जानकारी देते हुए बताया कि इस बिनौली यात्रा को लेकर संपूर्ण समाज में उत्साह का माहौल है। सभी दीक्षार्थी ब्रह्मचारी पाश्र्वनाथ जिनालय में जिनेंद्र देव के दर्शन कर बग्गियों में बैठ कर निकलेंगे।

### अवैध शराब के अनेक मामले दर्ज किए गए

**अशोकनगर।** जिले में अवैध शराब के कईं मामले दर्ज किए गए हैं। कचनार पुलिस ने माधौगढ नि. राजू पारदी के पास से 60 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब बरामद की है। जिले की शाढौरा पुलिस ने ग्राम जलालपुर निवासी कल्ला साहू के पास से 5 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब बरामद की है। शाढौरा पुलिस ने ही जलालपुर निवासी तोफान अहिरवार से 5 लीटर और फरदाई निवासी दीपक कोरी से 5 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब बरामद की है।

## कहीं यह सपना तो नहीं है जो कहा जा रहा है, क्या वह हकीकत में होगा?

# गुजरात की तर्ज पर थीम रोड व पछाड़ी खेड़ा लेक का सौंदर्यीकरण हो जाए तो...




हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

20 साल पहले का अशोकनगर और 20 साल बाद के अशोकनगर में कोई अंतर नजर नहीं आता। वहीं सड़के, वहीं चैराहे और वैसा ही शहर। उड़ती धूल, यातायात की समस्या, सौन्दर्यकरण से कोसों दूर यह सब अशोकनगर की कहानी है। लेकिन केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया अब इस शहर का विकास गुजरात की तर्ज पर करने जा रहे हैं। एक बार तो यह बात सुनकर ऐसा लगता है कि सबकुछ सपना है या हवा हवाई बातें हैं। अगर ऐसा कहा जा रहा है और वैसा होता है तो अशोकनगर शहर की पहचान ही बदल जाएगी और सपनो का शहर कहा जाने वाले अशोकनगर हकीकत की जमीं पर उतर आएगा।

यह सब इसलिए लिखना पड़ रहा है क्योंकि केंद्रीय मंत्री एवं क्षेत्रीय सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया ने अशोकनगर के शहरी विकास को गति देने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाया है। हाल ही में उन्होंने एक वर्चुअल बैठक भी आयोजित की थी, जिसके तहत अशोकनगर के एक प्रतिनिधि मंडल को गुजरात के साबरमती भेजा गया था। सिंधिया की पहल पर, इस प्रतिनिधि मंडल में नगर पालिका अध्यक्ष नीरज मनोरिया, पूर्व विधायक जजपाल सिंह और नगर पालिका में उपयंत्री भानु कुशवाह शामिल थे। उन्होंने वहां साबरमती के विकास को देखा है और उसी विकास की परिकल्पना को लेकर लौटे यह प्रतिनिधि इसे साकार करने का सपना सजो रहे हैं। यह तो सभी जानते हैं कि केन्द्रीय मंत्री सिंधिया के लिए यह सब कुछ कोई बड़ी बात नहीं है लेकिन करना भी बहुत मुश्किल है।

### तुलसी सरोवर को अतिक्रमण से मुक्ति मिलने का इंतजार

जिला मुख्यालय पर बहने वाले अशोकनगर शहर की धरोहर तुलसीसरोवर के सौन्दर्यकरण को लेकर और इसे प्राकतिक स्थल के रूप में विकसित करने के लिए भोपाल जैसे प्लान की जरूरत है, जब तक तालाब के पास से अतिक्रमण नहीं हटेगा, तब तक कैसे इस तालाब में उठती पानी के हिलोरों का आनंद लिया जा सकेगा। सच पूछो तो अब समय तुलसी सरोवर के उद्धार का आ गया है। वर्ष 1977 में अस्तित्व में आए इस सरोवर ने 52 वर्ष की यात्रा पूरी कर ली है। यह तालाब शहर की धरोहर इसलिए है कि यह जल स्तर को बढ़ाने में मददगार है, सौन्दर्य का प्रतीक है और धार्मिक भावनाओं की आस्था का केन्द्र है। इसे बचाने की मुहिम ठीक वैसे ही है जैसे हम अपने जीवन को बचाने का प्रयास करते हैं। यदि तालाब बचेगा तो हम भी बच सकेंगे।

### साबरमती तर्ज पर थीम रोड

प्रतिनिधि मंडल ने गुजरात पहुँचकर साबरमती रिवरफ्रंट का गहन दौरा किया। इस दौरे का मुख्य उद्देश्य यह देखना था कि जिस प्रकार साबरमती का विकास हुआ है, उसी तर्ज पर अशोकनगर में भी एक बेहतर थीम रोड का निर्माण कैसे किया जा सकता है। यह प्रस्तावित थीम रोड दुबे हॉस्पिटल चैराहा से चुंगी नाका तक बनाई जाएगी। प्रतिनिधि मंडल ने साबरमती के विकास कार्यों का सूक्ष्म अवलोकन किया, ताकि वहां से सीख लेकर अशोकनगर की थीम रोड को भी अत्याधुनिक और आकर्षक बनाया जा सके। प्रतिनिधि मंडल ने गुजरात के प्रसिद्ध कांकरिया लेक का भी दौरा किया। इसी की तर्ज पर आगामी समय में अशोकनगर के पछाड़ीखेड़ा लेक को भी बेहतर बनाने का कार्य किया जाएगा। सिंधिया की मंशा है कि पछाड़ीखेड़ा लेक का सौंदर्यीकरण कर वह मनोरंजक स्थल बने। योजना के तहत, लेक के चारों ओर फुटपाथ का निर्माण किया जाएगा, और बच्चों के खेलने के लिए झूले सहित अन्य सुविधाएं विकसित की जाएंगी।

### अटल ब्रिज का अवलोकन

प्रतिनिधि मंडल ने अपने दौरे के दौरान अहमदाबाद के प्रतिष्ठित अटल ब्रिज का भी अवलोकन किया। केंद्रीय मंत्री सिंधिया का स्पष्ट उद्देश्य है कि अशोकनगर में विकास के नए आयाम स्थापित हों और शहर और भी सुंदर एवं सर्व सुविधा संपन्न बने। प्रतिनिधि मंडल के दौरे से प्राप्त अनुभव और इन प्रमुख स्थलों की तर्ज पर होने वाले विकास कार्यों से यह उम्मीद जगी है कि जल्द ही अशोकनगर के नागरिकों को सुविधाओं का लाभ मिलेगा।

## कार्यवाही पर नहीं दिया स्थगन आदेश

# प्रशासन विरुद्ध जिला न्यायालय ने अपीलार्थियों की अपील खारिज की

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर




शहर के चर्चित रिलायंस पेट्रोल पंप अतिक्रमण मामले में प्रशासन को एक बार फिर सफलता मिली है। पिछले दिनों प्रशासन द्वारा धनुष धारी मंदिर की औकाफ-माफी की जमीन पर से अतिक्रमण हटाते हुए रिलायंस पेट्रोल पंप सहित आसपास की अतिक्रमण की जमीन में हुए निर्माण को सील कर दिया था तथा संपत्ति पर अतिक्रमण हटाने का नोटिस चस्पा किया गया था।

जिसके विरुद्ध स्थगन आदेश लेने पेट्रोल पंप संचालक न्यायालय गए थे जहां निचली अदालत द्वारा प्रशासन के पक्ष में निर्णय देते हुए प्रशासन की कार्रवाई पर स्थगन नहीं दिया था। तत्पश्चात अपीलार्थी पुरुषोत्तम पुत्र हरिराम अग्रवाल, विनोद पुत्र हरिराम अग्रवाल, अंकित पुत्र विनोद अग्रवाल, संकेत पुत्र पुरुषोत्तम अग्रवाल द्वारा अपील प्रस्तुत की गई। जिसकी सुनवाई द्वितीय जिला न्यायाधीश राकेश कुमार पाटीदार अशोकनगर की अदालत में की गई। जहां न्यायालय में शासन की ओर से पैरवी शासकीय जिला लोक अभियोजक भगवती प्रसाद लोधी, सहायक लोक अभियोजक आशुतोष लोधी के द्वारा की गई। प्रकरण में प्रशासन के पक्ष में निर्णय सुनाते हुए अपीलार्थी की अपील निरस्त कर दी। जिससे एक बार फिर उक्त चर्चित मामले में प्रशासन को सफलता मिली। उल्लेखनीय है कि प्रशासन द्वारा पिछले दिनों धनुषधारी मंदिर की सर्वे नंबर 669 की जमीन से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई थी। जिसमें जहां रिलायंस पेट्रोल पंप का कुछ हिस्सा आ रहा था। अन्य इमारतें भी अतिक्रमण कर निर्माण की गई थी। जहां से प्रशासन ने अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की थी। इसी मामले में उच्च न्यायालय में डॉ. संदीप जैन द्वारा अपील की गई है, उक्त मामले में भी न्यायालय द्वारा सुनवाई की गई है।

### रात्रि चौपाल के माध्यम से मतदाताओं को किया जागरूक

**अशोकनगर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आदित्य सिंह के निर्देशन में जिले में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 का कार्य जारी है। इसी क्रम में चल रहे एसआईआर सर्वे कार्य में सहयोग हेतु विधानसभा क्षेत्र 032 अशोकनगर के मतदान केंद्र क्रमांक 70 और 71 ग्राम रावसर में रात्रि चैपाल का आयोजन किया गया। रात्रि चैपाल में मतदाताओं की जानकारी का संकलन और जागरूकता हेतु आवश्यक जानकारी मतदाताओं को प्रदान की गई। इस अवसर पर रजिस्ट्रीकरण अधिकारी शुभ्रता त्रिपाठी,सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी भारतेन्दु सिंह यादव सहित बीएलओं उपस्थित रहे।



# विजय रथ की चौपाई व श्रीमद् भगवद्गीता स्वाध्याय से मनाई रानी लक्ष्मीबाई जयंती

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



अभियान परिषद की नवांकुर संस्था श्री युगल सरकार श्रीमद्भगवद्गीता स्वाध्याय सेवा समिति सदस्यों ने ग्राम डोंगर में विजय रथ एवं नवधा भक्ति की चैपाइयों का वाचन ग्रामवासियों के मध्य किया तथा ग्राम में आगामी मंगलवार प्रात 8 बजे हनुमान मंदिर से गीता जन जागरण यात्रा निकाली जाएगी यह चर्चा तय किया गया।

इसके पश्चात समिति सदस्यों ने ग्राम ग़र्रोली में श्रीमद् भगवद्गीता स्वाध्याय किया और राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया व रानी लक्ष्मीबाई जयंती मनाई। जहां वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई के चित्र पटल पर फूल माला से श्रद्धांजलि अर्पित की गई तथा उनके जीवन पर गीताव्रती रामबली यादव ने प्रकाश डाला। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि रानी लक्ष्मीबाई का जन्म 19 नवंबर, 1828 को वाराणसी में हुआ था। उनका बचपन का नाम मणिकर्णिका था और उन्हें प्यार से मनु कहा जाता था। उन्होंने बचपन में ही घुड़सवारी, निशानेबाजी और तलवारबाजी जैसे प्रशिक्षण प्राप्त किए थे। 14 साल की उम्र में उनका विवाह झाँसी के महाराजा गंगाधर राव से हुआ और विवाह के बाद वह झाँसी की रानी लक्ष्मीबाई कहलाईं। 1857 के विद्रोह में उन्होंने ब्रिटिश शासन के खिलाफ वीरता से लड़ाई लड़ी और 18 जून, 1858 को ग्वालियर के पास युद्ध में वीरगति को प्राप्त हुईं।

उन्होंने सभी को नियमित योग करने और श्रीमद्भगवद्गीता पढ़ने के आग्रह भी किया।

ग्राम के बुजुर्ग ने रानी लक्ष्मीबाई के ऊपर लिखी कविता सुनाई तथा गीता प्रश्नोत्तरी स्वाध्याय पश्चात सभी ग्रामवासियों के बीच समिति सदस्य बलवीर सिंह यादव ने भक्ति गीत की प्रस्तुति दी तथा

प्रति रविवार को ग्राम ग़र्रोली में समिति द्वारा गीता स्वाध्याय की शुरुआत कराई गई। आगामी रविवार के आयोजक मन्ना सिंह यादव बने हैं। इस अवसर पर गणेशराम भीकली ने ग्रामवासियों से नशा न करने की अपील की। अंत में ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति गर्रोली द्वारा चना गुड़ का प्रसाद वितरित किया गया।इस अवसर पर ग्राम डोंगर में देवेन्द्र,राजेन्द्र प्रसाद शर्मा, भगवानलाल कुशवाह, कल्यासिंह, रमेश अहिरवार,सुल्तानसिंह, गोविंदसिंह, शिशुपालसिंह, बाबूलाल प्रजापति आदि एवं गर्रोली में ब्रजपालसिंह, जयपालसिंह, हरिसिंह, रोशन, अमरसिंह, मन्नासिंह, अजबसिंह,, शंकरदयाल शास्त्री , लाखनसिंह सहोदरी सहित सभी ग्रामवासी भक्तजन युवा बुजुर्ग उपस्थित रहे।

# सांसद खेल महोत्सव 2025 आयोजन की बैठक हुई

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



सांसद खेल महोत्सव वर्ष 2025 का आयोजन केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के निर्देशानुसार कराया जाना है। इस आयोजन की रूपरेखा निर्धारित किए जाने हेतु कलेक्टर आदित्य सिंह की अध्यक्षता में गुरूवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बैठक आयोजित की गई।

बैठक में कलेक्टर ने निर्देश दिए कि सांसद खेल महोत्सव 2025 के आयोजन हेतु सभी आवश्यक तैयारियां की जाए। जिससे खिलाडियों खेल के लिए सभी आवश्यक सुविधा मुहैया हो सके। सांसद खेल महोत्सव हेतु प्रचार-प्रसार किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि सांसद खेल महोत्सव के आयोजन के लिए एक उपयुक्त खेल मैदान का चयन, खेल सामग्री की उपलब्धता, साउंड सिस्टम और उचित प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करें। उन्होंने खेल मैदानों पर विशेष साफ सफाई एवं पेयजल तथा खिलाडियों को स्वल्पाहार की व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाएं। बैठक में सांसद खेल महोत्सव के आयोजन हेतु जनप्रतिनिधियों के सुझाव आमंत्रित किये गए। प्राप्त सुझावों को खेल महोत्सव के सफल आयोजन हेतु शामिल किया गया। बैठक में बताया कि सांसद खेल महोत्सव 2025 हेतु प्रथम चरण में 28 नवम्बर से 30 नवम्बर तक पंचायत स्तर पर, द्वितीय चरण में विकासखंड स्तर पर 8 दिसम्बर से 10 दिसम्बर तक एवं अंतिम चरण में जिला स्तर पर खेल आयोजन 23 से 25 दिसंबर तक खेल गतिविधियां आयोजित होगी। सांसद खेल महोत्सव अंतर्गत सामूहिक खेल में कबड्डी, खो-खो, वॉलीबॉल, सितोलिया, गिल्ली डंडा, रस्सा कसी एवं व्यक्तिगत खेल में दौड़, गोला फेंक, लंबी कूद, तायक्वोंडो एवं कराटे में खेल आयोजित होंगे।

इसमें भाग लेने के लिए खिलाड़ियों को ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कराना होगा। साथ ही एक खिलाड़ी अधिकतम दो खेल में भाग ले सकेगा। खेल सामग्री की व्यवस्था खेल विभाग एवं शिक्षा विभाग द्वारा जिला स्तर पर की जावेगी। साथ ही सहयोग हेतु पीटीआई की ड्यूटी शिक्षा विभाग द्वारा लगाई जावेगी। इस आयोजन में समस्त खेल संघों का भी सहयोग लिया जाएगा। खेलों के आयोजन मिनी, जूनियर,सीनियर वर्गो में आयोजित किया जाएगा। आयोजन के एक दिवस पूर्व खिलाडियों की सूची उपलब्ध करानी होगी। बैठक में भाजपा जिला अध्यक्ष आलोक तिवारी, नगर पालिका अध्यक्ष नीरज मनोरिया, पूर्व विधायक जजपाल सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गजेन्द्र सिंह कंवर, धर्मेंद्र रघुवंशी भाजपा महामंत्री, संजीव भारिल्ल सांसद प्रतिनिधि, मनोज शर्मा पूर्व महामंत्री भाजपा, हरि सिंह रघुवंशी ईसागढ़, महेंद्र भारद्वाज, नरेश ग्वाल, जिला खेल अधिकारी अरुण रघुवंशी, एनिस जैन सहायक संचालक, ओपी शर्मा क्रीड़ा अधिकारी शिक्षा विभाग के अलावा समस्त खेल संघ के पदाधिकारी जिले के समस्त खेल शिक्षक एवं समस्त विभागों के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

# जिले में एसआईआर तेजी से जारी, मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण का हो रहा है कार्य



**अशोकनगर।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 का कार्य जारी है। कलेक्टर ने कहा कि एसआईआर कार्य में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए मीडिया की अहम भूमिका है। उन्होंने बताया कि बीएलओं द्वारा मतदाताओं के गणना पत्रक का वितरण किया गया है। साथ ही बीएलओं द्वारा मतदाताओं से प्राप्त गणना पत्रकों का आज दिनांक तक 47.25 प्रतिशत डिजिटाईजेशन किया गया है। डिजिटाईजेशन कार्य में मध्यप्रदेश में अशोकनगर जिला प्रथम स्थान पर है। गणना पत्रकों की डिजिटाईजेशन की हर दो घंटे में मॉनीटरिंग कर रिपोर्ट ली जाती है। गणना पत्रकों का डिजिटाईजेशन के लिए बीएलओ के अतिरिक्त मैदानी पटवारी, सचिव, रोजगार सहायक, आंगनवाडी कार्यकर्ता की डयूटी लगाई गई। उन्होंने बताया कि गणना पत्रकों का शत प्रतिशत डिजिटाईजेशन के लिए 25 नवम्बर तक लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा एसआईआर की प्रक्रिया 28 अक्टूबर से प्रारंभ की गई है जो 8 फरवरी 2026 तक चलेगी। बीएलओ द्वारा 4 नवंबर से 4 दिसंबर तक घर घर जाकर सर्वे किया जाएगा। मतदाता सूची के प्रारूप का प्रकाशन 9 दिसम्बर तक किया जाएगा। दावा आपत्तियों के 9 दिसंबर से 8 जनवरी 2026 तक आवेदन लिए जाएंगे। दस्तावेजों का सत्यापन 9 दिसंबर 2025 से 31 जनवरी 2026 तक किया जाएगा। फाइनल मतदाता सूची का 7 फरवरी 2026 को प्रकाशन होगा।

# नगर पालिका के अस्थाई कर्मियों ने कलेक्टर कार्यालय में ज्ञापन सौंपा




हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

नगरपालिका में विभिन्न पदो पर कार्यरत अस्थायी कर्मचारी कलेक्टर कार्यालय ज्ञापन देने पहुंचे जिनमें सफाई कर्मचारी भी शामिल हैं। उनका कहना है कि नगरपालिका आशोकनगर के द्वारा हमें न तो समय पेर वेतन दी जा रही है एवं अनावश्यक कारण बताकर हमारी वेतन काट ली जाती है। वह विगत 2 माह से आधी अधुरी वेतन दी जा रही है जिससे हमारे परिवार के भरण पोषण में परेशानी हो रही है। और हम पर कर्जा बढ़ रहा है। और किसी किसी कर्मचारी को पूरे माह का वेतन दिया जा रहा है। नगरपालिका किसी भी समय पर बुलाकर काम कराया जाता है। हम अस्थाई कर्मचारियों को कार्य करते करते 9 से 10 वर्ष लगभग हो चुके हैं। उन्हें स्थाई किये जाने की मांग भी की गई। सविदा एवं मस्टर पर काम करने वाले कर्मचारियों को नियमित किया जाए और उनकी वेतन बढ़ाई जाए, वेतन बिना सूचना दिये काट लिया जाता है। उन्होंने नगरपालिका परिषद अशोकनगर में सफाई कर्मीयो के वेतन रिकार्ड की जाच कराए जाने की मांग की है।

## मुनि पुगंव श्री सुधासागरजी महाराज ने दिगंबर जैन दर्शन के प्रवचन में दी सीख

# ‘जहां ऐसा भाव आए समर्पण कर दूं, वहीं तुम्हारा हित होगा’

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर




दिगम्बर जैन दर्शन के आध्यात्मिक संत पुंगव मुनि श्री सुधासागर जी महाराज ने थूवोनजी में श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि जिसको देखकर ऐसा भाव आ जाए कि इसकी शरण में जाकर सब कुछ समर्पित कर दूं, वहीं तुम्हारा हित होगा। जिसके मन में यह भाव आ जाएं कि मैं इनकी शरण में चला जाऊं जिसको देखकर ऐसा भाव आ जाएं वस उसकी शरण में चले जाना। किसका है किसके लिए है इन बातों से अलग हटकर अपने आप को समर्पित कर देना।

**जो तुम्हारी दृष्टि में मंगल हो वह तुम्हारे जीवन का मंगल करेगा** उन्होंने कहा कि जो तुम्हारी दृष्टि में मंगल हो वह तुम्हारे जीवन का मंगल करेगा। अभी तुम्हारी दृष्टि में कोई मंगल था ही नहीं लेकिन जैसे ही तुम ने अपना भला करने वाले का ध्यान किया तुम्हारे लिए लगने लगा कि इस दुनिया में कोई तो हमारा है। तुम मेरी नकल मत करना तुम तो मेरी अकल से चलना मेरी अक्ल अपने जीवन को अच्छा बनाने के लिए ले लेना सफलता मिल जायेगी। संसार में आपकी दृष्टि में सबसे श्रेष्ठ मंगल कौन से हैं फिर आगम से तौल कर अपने गुरु से विचार-विमर्श करना। जो मैंने उत्तम माना है वह आगम से गुरु जनो ने भी जिसे श्रेष्ठ माना है अब उसे आगे कर देना तुम्हारा मंगल ही मंगल होगा।

इसके पहले तीर्थ क्षेत्र कमेटी के प्रचार मंत्री विजय धुर्रा ने कहा कि 23 नवम्वर की तारीख इस अंचल के भक्तो को एक नई सौगात लेकर आई रही है। इस दिन परम पूज्य निर्यापक श्रमण मुनि पुंगव श्री सुधासागरजी महाराज असीम क़ालीन भक्तावर मंडल विधान के रूप में एक रक्षा कवच इस अंचल के ही नहीं देशभर से आ रहे भक्तो को देने जा रहे हैं। इस दिन प्रातः काल की वेला में दर्शनोदय के खड़े बाबा भगवान आदिनाथ स्वामी के दरवार में रजत मांडने पर असीम क़ालीन भक्तावर मंडल विधान के कलशों की स्थापना होगी। इस हेतु एक बार भक्त को श्री फल की राशि भेंट करना होगा। इसके आजीवन विधान का सौभाग्य आपको प्राप्त होता रहेगा। प्रति वर्ष क्षेत्र कमेटी आपको एक चांदी की मुद्रा एवं नंद्यावर्त देती रहेगी। जो वर्ष भर बड़े बाबा के दरबार में मंत्रिय हो आपको अपने घर ले जाने का सौभाग्य प्राप्त होगा।

दर्शनोदय तीर्थ थूवोनजी कमेटी के अध्यक्ष अशोक जैन टींगू मिल उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र रोकड़यि संजीव श्रागर धर्मेन्द्र रोकड़यि संजीव जैन महामंत्री मनोज भैसरवास कोषाध्यक्ष प्रमोद मंगल दीप मंत्री शैलेन्द्र दददा राजेन्द्र हलवाई प्रदीप रानी जैन अनिल बंसल डॉ जितेन्द्र जैन प्रचार मंत्री विजय धुर्रा मिडिया प्रभारी अरविंद कचनार आडीटर अक्षय अमरोद समाज अध्यक्ष राकेश कासंल महामंत्री राकेश अमरोद सहित अन्य प्रमुख जनों ने सभी से इसमें भाग लेने का निवेदन किया है।

### 4 कारें और नकदी सहित मिले कई एटीएम कार्ड, यूपी और हरियाणा के हैं सभी आरोपी

# एटीएम स्वैपिंग कर ठगी करने वाली अंतरराज्यीय गैंग पकड़ाई, 4 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

एटीएम स्वैंपिंग कर आम लोगों के साथ ठगी करने वाले अंतर्राज्यीय गिरोह का सारंगपुर - पचोर पुलिस ने भंडाफोड कर दिया है। सीधे साधे लोगों को टारगेट करने के लिए एक संयुक्त गिरोह के रूप में कार्य करते हुए काम किया करते थे। एटीएम में खडे होकर पासवर्ड देखना व विश्वास करने वाले आम आदमी का पलक झपकते ही एटीएम बदलकर लोगों की जमा पूंजी उडा दिया करते थे। पचोर व सारंगपुर पुलिस की सुयुक्त कार्रवाई में एटीएम स्वैपिंग गिरोह के 4 आरोपी गिरफ्तार किए गए है। जिनके पास से 1लाख 50 हजार नगदी, चार कारें व कई एटीएम कार्ड बरामद हुए है। पुलिस ने कई सीसीटीवी फुटेज खंगालने के बाद उत्तरप्रदेश और हरियाणा से इन अंर्राज्यीय ठगों को गिरफ्तार किया है।




#### आरोपियों द्वारा ठगी के मामले

यह कि पुर्व मे भी 28 जून 25 को फरियादी रामगोपाल यादव निवासी करनवास से 35,000 रुपये एटीएम बदलकर ठगी की घटना की थी जिसमे आरोपीगणो शराफत खान, नासिर खान को घाघोट थाना चांद हट जिला पलवल हरियाणा से गिरफ्तार कर ठगी के 35 हजार रुपये बरामद किये जा चुके है ।

10 जुलाई 25 को फरियादी सुखवीर सांसी निवासी कडिया से धोकाधडी पुर्वक एटीएम बदलकर आरोपीगणो ने 40 हजार रुपये की ठगी की थी जिसमे भी आरोपीगणो को गाजिया बाद उत्तप्रदेश से गिरफ्तार कर ठगी के 40 हजार रुपये बरामद किये जा चुके है ।

9 सितंबर.25 को फरियादी कृष्णमुरारी निवासी दादरा उत्तरप्रदेश से 35 हजार रुपये धोकाधडी पुर्वक एटीएम बदलकर आरोपीगणो ने 35 हजार रुपये की ठगी की थी जिसमे भी जिला हिसार हरियाणा के आरोपीगणो को गिरफ्तार कर ठगी के 35 हजार रुपये बरामद किये जा चुके है ।

4 थाना सारंगपुर अंतर्गत 28 जून 25 को फरियादी से 19 हजार रुपये की ठगी एटीएम बदलकर की गई थी जिसमे भी पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुये आरोपगणो को घाघोट थाना चांदहट जिला पलवल से गिरफ्तार कर अपराध मे प्रयुक्त अर्टिगा कार व ठगी की रकम 19 हजार रुपये बरामद किये जा चुके है ।

#### ये हैं गिरफ्तार किए गए आरोपी

यह सभी आरोपियों के अपने अपने काम थे जो वह मिलकर पूरा करते थे किसी का काम उपभाक्ताओं का पिन देखना थ तो किसी का काम गाडी तैयार रखने का था कोई पुलिस की जानकारी देने का काम करता था।

विवेक चैहान ,कासगंज
अतुल यादव , जलालपुर साथल जिला एटा
ऋषभ सिसोदिया , जिला एटा
सचिन लोधी, नगला जिला एटा

### गुरुवार को 7.5 डिग्री रिकॉर्ड

# तापमान में धीरे-धीरे हो रही बढ़ोतरी, पर हल्की शीतलहर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

इस हफ्ते की शुरुआत में जिले का न्यूनतम तापमान 5 डिग्री सेल्सीयस के आसपास पहुंचते हुए देश में सबसे कम रिकार्ड हुआ था। लेकिन, धीरे-धीरे तापमान में हल्की उछाल आई है। गुरुवार को जिले का न्यूनतम तापमान 7.5 डिग्री दर्ज किया गया ऐसे में सर्दी से हलाकान लोगों ने कुछ हद तक राहत की सांस ली। हालांकि, सर्द हवाओं का दौर जिले में अभी भी जारी है और चैबीसों घंटे कोल्ड वेव के चलते दिन में भी अलाव जलते हुए देखे जा रहे हैं। मौसम के जानकारों का कहना है कि अभी कुछ दिन और ऐसे ही शीतलहर चलती रहेंगी लेकिन उसके बाद तापमान में ज्यादा गिरावट देखने मिल सकती है।

**बीते एक हफ्ते में जिले का तापमान**
(तापमान डिग्री/सेल्सियस में)

| दिनांक | न्यूनतम |
|---|---|
| 20 नवंबर | 7.5 |
| 19 नवंबर | 6.5 |
| 18 नवंबर | 5.8 |
| 17 नवंबर | 5.0 |
| 16 नवंबर | 6.0 |
| 15 नवंबर | 6.5 |
| 14 नवंबर | 8.2 |

#### फसलों के लिए अनुकूल बताया जा रहा मौसम

शीतलहर में कमी और तापमान में बढ़त के चलते रबी सीजन की मुख्य फसल गेहूं के लिए यह मौसम अनुकूल बताया जा रहा है। साथ ही चना, धनिया व रबी की अन्य उपज के लिए भी यह लाभकारी सिद्ध होगा।

# कलेक्टर अवकाश पर, बीडीए सीईओ को मिल गया अतिरिक्त प्रभार

### प्रभार ग्रहण करने के उपरांत एसआईआर की प्रगति जानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

राजगढ़ कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा 9 दिवसीय अर्जित अवकाश पर गए हैं। ऐसे में प्रशासकीय कार्यसुविधा की दृष्टि से भोपाल विकास प्राधिकरण (बीडीए) के सीईओ श्री श्यामबीर को अपने वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ राजगढ़ कलेक्टर का अतिरिक्त प्रभार सामान्य प्रशासन विभाग ने सौंपा है। श्री श्यामबीर द्वारा राजगढ़ कलेक्टर का पदभार गृहण करने के उपरान्त सबसे पहले जिले में चल रहे मतदाता सूचियों के गहना पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्य की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने राजगढ़ विधानसभा की देवझिरी पंचायत पहुंचकर एसआईआर कार्यों का अवलोकन किया। उन्होंने उपस्थित बीएलओ से आवश्यक जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर एसडीएम सुश्री ज्योति राजोरे, तहसीलदार अनिल शर्मा भी उपस्थित रहे। उन्होंने निवार्चन कार्य से जुड़े सभी अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि एसआईआर कार्य में जरा भी लापरवाही न बरती जाए।



# मानस स्कूल के 3 खिलाड़ियों का राज्य स्तरीय हैंडबॉल में कुक्षी धार के लिए हुआ चयन



**ब्यावरा।** 18 से 23 नवंबर कुक्षी धार में आयोजित मध्य प्रदेश राज्य स्तरीय शालेय हैंडबॉल 14 वर्ष बालक बालिका के लिए मानस स्कूल ब्यावरा में अध्यनरत कक्षा 8 वी के छात्र लक्की सिंह राजपूत पिता यशवंत सिंह, पलक परिहार पिता अनिल परिहार, दिव्यांश यादव पिता बद्रीलाल यादव का चयन भोपाल संभाग की टीम में हुआ है 26 सितंबर को रायसेन में आयोजित संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में राजगढ जिले की टीम में शामिल होकर अपने खेल का बेहतर प्रदर्शन के दौरान तीनो विद्यार्थियों का राज्य स्तर पर चयन हुआ है इस उपलब्धि पर संस्था अध्यक्ष महेश अग्रवाल, प्राचार्य आर एस राजपूत ,कोच विद्या चैहान खेल शिक्षिका निकिता जोशी सहित समस्त विद्यालय परिवार ने बधाई दी और खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

# अवैध कॉलोनियों में खरीदी बिक्री पर कागजी रोक

### डायवर्सन विहीन कृषि भूमि पर भूखंड बिक्री नामांतरण का खेल जारी, कलेक्टर की रोक के बाद भी नामांतरण चर्चा में



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

नगरीय सीमा में रेलवे स्टेशन के सामने स्थित कन्या लक्ष्मीबाई छात्रावास के समीप पिछले लगभग तीन दशकों से अवैध कॉलोनी का निर्माण और रजिस्ट्री धड़ल्ले से जारी है मामला एक बार फिर सुर्खियों में। स्थानीय सूत्रों के अनुसार शासकीय प्रतिबंधों के बावजूद जमीन की रजिस्ट्री नामांतरण हो रहा है। हालात यह है की कलेक्टर द्वारा रोक लगाए जाने के बाद भी नामांतरण की प्रक्रिया बदस्तूररूप से जारी रहने की चर्चाएं सामने आ रही हैं। नागरिकों का कहना है की कलेक्टर के निर्देश के बावजूद स्थानीय प्रशासन ने पुराने मामलों में खबर लिखे जाने तक वास्तविक जांच नहीं की और न ही नया अवैध खरीदी बिक्री सहित नामांतरण को रोका गया। परिणामस्वरूप यह पूरी कॉलोनी अब विवादित भूमि बताई जा रही है। नगर में कई चिन्हित अवैध कालोनी है ओर कुछ अवैध कालोनी है जिसकी जानकारी राजस्व अधिकारी को अभी तक नहीं है उनमें भी खरीदी बिक्री का काम जारी है।

#### सरकारी राजस्व की हानि करवा रहे कॉलोनाइजर

नियम अनुसार रजिस्टार ऑफिस में कोई भी भू-स्वामी तीन प्लॉट से ज्यादा नहीं बेच सकता। लेकिन हकीकत में कॉलोनाइजर औने-पौने दाम पर विवादित कृषि भूमि खरीद 1000 से 3500 रुपए वर्ग फीट से प्लॉट बेच रहे हैं। रजिस्ट्री के मान से तहसील में नामांतरण हो रहें है। साथ ही तहसील से नामांतरण के साथ ही नगर परिषद में नामांतरण निर्माण मंजूरी मिल जाती है। सभी दस्तावेजों के आधार पर निजी बैंक से लोन मिल जाता है। यह सभी काम कॉलोनाइजर खुद करवा रहे हैं। सूत्रों के अनुसार नगरीय क्षेत्र में एक दर्जन से अधिक अवैध कॉलोनियों में रजिस्ट्री, नामांतरण की प्रक्रिया जारी हैं।

#### पहले से बनीं कॉलोनियों में नहीं हैं सुविधाएं

जो कॉलोनी अवैध वहां बनाई जा रही थी सड़क कुछ समय पहले ऐसा ही मामला अवैध कॉलोनी में देखने को मिला था। इस कॉलोनी में बिजली, पानी नपा द्वारा दिया जा रहा है। वहीं कुछ समय पहले नगर पालिका द्वारा अवैध कॉलोनी चिह्नित होने के बावजूद सीसी रोड बना दिया गया। सूत्रों की मानें तो अवैध कॉलोनियों के इस खेल में नेताओं सहित कुछ कर्मचारियों की पार्टनरशिप है। इसी के चलते नगर की अवैध कालोनियों का सर्वे करने की हिमत प्रशासन नहीं जुटा पा रहा है। कुछ अवैध कालोनियों में प्रधानमंत्री आवास भी दे दिए गए है। स्थानीय नागरिकों ने जिले के वरिष्ठ अधिकारियों से मांग की है कि शासकीय भूमि सहित अवैध कालोनी में, रजिस्ट्री और नामांतरण की प्रक्रिया को लेकर उच्च-स्तरीय जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की मग की है ताकि भविष्य में ऐसी अनियमितताओं पर रोक लग सके। नगर में नगर पालिका ने 23 अवैध कॉलोनी चिह्नित की है वहीं लगभग 90 कालोनी चर्चा में है इसके अलावा ओर भी अवैध कालोनी है जिसकी जानकारी प्रशासन को नहीं है अगर बारीकी से जांच हो तो सब सामने आ जाएगा।

#### इनका कहना है...

उच्च अधिकारी के निर्देश पर अवैध कॉलोनी के नामांतरण पर रोक लगी हुई है रही बात छात्रावास के पास की भूमि के नामांतरण की तो रिकॉर्ड देखकर ही बता पाऊंगा,
**आकाश शर्मा**, तहसीलदार सारंगपुर,

# सुठालिया में मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य में तेजी



**सुठालिया।** मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण-2025 के तहत आज सुठालिया में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में मंत्री नारायण सिंह पंवार ने भाजपा पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं साथियों के साथ विस्तृत चर्चा कर आगे की कार्ययोजना पर मार्गदर्शन दिया।मंत्री पंवार ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए प्रत्येक पात्र नागरिक का मतदाता सूची में शामिल होना अत्यंत आवश्यक है। इसी उद्देश्य से पार्टी कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर पर अधिक सक्रियता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए गए।मंत्री पंवार ने कहा कि एसआईआर-2025 के दौरान सभी अधिकारी और कार्यकर्ता पूर्ण निष्ठा एवं पारदर्शिता के साथ कार्य करें, ताकि विधानसभा क्षेत्र में मतदाता सूची सटीक, अद्यतन और व्यापक रूप से तैयार हो सके।बैठक में विधानसभा संयोजक नारायण सिंह सालरियाखेडी, मानसिंह,भाजपा मंडल अध्यक्ष श्याम सिंह चैहान,मनोज शर्मा ओमप्रकाश पालीवाल आकाश अग्रवाल पदाधिकारी, बूथ प्रभारी उपस्थित रहे।

### भाजपा कार्यकर्ता बीएलओ के साथ जाकर भरवा रहे एसआईआर फार्म



सारंगपुर। निर्वाचन आयोग द्वारा संचालित विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान को गति देने के उद्देश्य से भाजपा कार्यकर्ता बीएलओ के साथ मिलकर घर-घर पहुंचकर मतदाता संबंधी फार्म भरने में सहयोग कर रहे हैं। नगर के वार्ड क्रमांक 16 में बुधवार को चलाए गए इस अभियान के दौरान उल्लेखनीय भागीदारी देखने को मिली, जहाँ भाजपा मंडल अध्यक्ष महेश पुष्पद, बीएलओ भगवान सिंह पुष्पद, राजेंद्र शर्मा तथा आंगनवाड़ी कार्यकर्ता ममता मालवीय सक्रिय रूप से मौजूद रहे। अभियान के दौरान टीम ने घर-घर जाकर पात्र नागरिकों से संपर्क किया, मतदाता सूची में नए नाम जोड़ने, त्रुटियों को सुधारने तथा पते के परिवर्तन जैसी प्रक्रियाओं की जानकारी दी। साथ ही 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके युवाओं को अपना नाम मतदाता सूची में अनिवार्य रूप से दर्ज कराने के लिए प्रेरित किया गया।

### वास्को कंपनी की लगातार मिल रही हैं शिकायतें

# सीटी स्कैन की मनमानी पर सीएस ने कसा शिकंजा




**ब्यावरा।** जिला अस्पताल में अपनी मनमानी का पर्याय बनी वास्को सीटी स्केन पर अब सिविल सर्जन ने जनहित में शिकंजा कस दिया है। सिविल सर्जन डॉ रजनीश शर्मा ने कंपनी के स्थानीय प्रभारी को एक पत्र जारी करते हुए स्पष्ट किया है कि प्रत्येक मरीजों को सीटी स्केन की फिल्म देना सुनिश्चित करें और ओपीडी के आधार पर ही गंभीर व आपातकालीन मरीजों का सीटी स्केन किया जाए। उल्लेखनीय है कि वास्कों कंपनी सालों से जिला अस्पताल में अपनी मानमानी कर मरीजों की मल्टीपल सीटी स्केन करती रही है जिसकी शिकयते भी प्रबंधन के पास पहुंची थी। ऐसे में सिविल सर्जन ने आम जनता के हित में कदम उठाया है जिससे मरीजों को राहत जरूर मिलेगी साथ ही गलत तरीके से हो रही सीटी सकेन पर लगाम लगेगी।

# बाइक सवार सभी अधिकारी, कर्मचारियों के लिए हेलमेट अनिवार्य : एसपी

### सड़क एवं यातायात सुरक्षा समिति की बैठक में दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

जिले में बड़ते हादसों को लगाम कसने गुरुवार को मुख्य कार्यपालन अधिकारी भोपाल विकास प्राधिकरण एवं प्रभारी कलेक्टर श्यामबीर की अध्यक्षता में कलेक्टोरेट सभागार में जिला यातायात सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में उपस्थित पुलिस अधीक्षक अमित तालोनी ने बाईक से सफर करने वाले सभी अधिकारी, कर्मचारियों को स्पष्ट निर्देश प्रसारित किए कि 21 नवंबर यानिकी आज से सभी को हेलमेट पहनकर ही दफ्तर आना है।

उन्होंने कहा कि हेलमेभ्ट पहनकर कार्यालय न आने वाले आने वाले अधिकारी, कर्मचारियों पर चालानी कार्यवाही की जाएगी। उन्होंनने यह भी निर्देशित किया कि सभी विभाग प्रमुख अपने अधीनस्थ अमले को उक्त निर्देशों का कढ़ाई से पालन करवाना सुनिश्चित करवाएं। बैठक में पुलिस अधीक्षक तोलानी ने बताया कि जिले में लगभग 9 हजार टैक्टर-ट्रॉलियां हैं। सभी टैक्टर-ट्रॉली में रेडियम लगाने हेतु अभियान चलाया जाए। अक्सर देखने में आया है कि अधिकतर दुर्घटनाऐं टैक्टर-ट्रॉली से हुआ करती हैं। ऐसे में एसपी ने रोस्टर बनाकर पहले यह अभियान कृषि उपज मंडियों से शुरू करने की बात कही। साथ ही उन्हों ने कहा कि जिस ग्राम पंचायत में शत प्रतिशत टैक्टर-ट्रॉली में रेडियम लगा रहेगा, उस ग्राम पंचायत को सरपंच को राष्ट्रीय पर्व 15 अगस्त या 26 जनवरी पर सम्मानित किया जाएगा।




#### गोवंश को गोशालाओं में भेजने के निर्देश

बैठक में उन्होंने कहा कि दुर्घटना हॉट स्पॉट क्षेत्र से निराश्रित गोवंश को हटाने के लिए पशु पालन विभाग, ग्राम पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, पुलिस विभाग अभियान चलाकर गायों को हटाकर गोशालाओं में शिफ्ट करने का काम करेंगे। बैठक में अपर कलेक्टर प्रताप सिंह चैहान सहित विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

# मनचलों पर कार्रवाई को लेकर युवक कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन

### स्कूल और कोचिंग छूटने के समय गुंडागर्दी व बुलेट से चलाते है पटाखे



**ब्यावरा।** नगर में सुदामा नगर अपना नगर में दिन प्रतिदिन बढ़ते जा रहे अपराध जैसे की बुलेट से पटाखे फोड़ना एवं ग्रुप बनाकर दादागिरी करना एवं स्कूल और कोचिंग के समय पर लड़कियां जब कोचिंग और स्कूल के लिए निकलती है तब आगे पीछे से गाड़ियां रफ्तार से निकलना इन सब समस्याओं को लेकर अपना नगर सुदामा नगर एवं सभी क्षेत्रवासी की आवाज बनकर छात्र-छात्राएं के मन में भाई का माहौल बनता जा रहा है ऐसे मनचले लड़कों पर कार्यवाही करने के लिए युवक कांग्रेस ने आज ब्यावर सिटी थाना महोदय वीरेंद्र धाकड़ जी को ज्ञापन सौंपा एवं 15 दिन का अल्टीमेटम दिया अगर 15 दिन के अंदर ऐसे मनचले लड़कों पर उचित कार्यवाही अगर नहीं होती है तो युवा कांग्रेस आंदोलन के लिए तैयार रहेगी जिसकी समस्त जिम्मेदारी शासन प्रशासन की रहेगी इस अवसर पर युवा कांग्रेस के संयुक्त नेतृत्व जिला उपाध्यक्ष युवा कांग्रेस शिव दांगी बारवा जिला सचिव अर्पित शर्मा एवं राजू सोंधिया ब्लॉक अध्यक्ष युवा कांग्रेस ब्यावरा उपस्थित रहे।

### छापीहेड़ा में कला उत्सव के अंतर्गत बाल मेला आयोजित

**छापीहेड़ा।** शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, छापीहेड़ा में आज कला उत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत बाल मेले का भव्य आयोजन किया गया। विभिन्न कक्षाओं की छात्राओं ने अपनी रचनात्मकता, प्रबंधन कौशल एवं नवाचार को प्रदर्शित करते हुए विविध प्रकार के स्टॉल लगाए। मेले में खाद्य सामग्री, खेल-कूद, विज्ञान मॉडल, पर्यावरण जागरूकता, हस्तशिल्प, गृह-विज्ञान तथा सजावटी वस्तुओं के स्टॉल विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। सभी स्टॉलों का संचालन छात्राओं ने स्वयं किया, जिससे नेतृत्व क्षमता, टीमवर्क एवं आर्थिक समझ का उत्कृष्ट विकास हुआ। कार्यक्रम की विशेषता यह रही कि आस-पास के विद्यालयों के छोटे-छोटे बच्चे तथा छात्राओं के साथ उनके छोटे बहन-भाई भी बाल मेले का आनंद लेने पहुंचे, जिससे वातावरण अत्यंत उत्साहपूर्ण और जीवंत बना।

# महिला उद्यमिता दिवस पर कॅरियर मार्गदर्शन आयोजित



**जीरापुर।** स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ कार्यक्रम शासकीय महाविद्यालय में महिला उद्यमिता दिवस के अवसर पर प्राचार्य डॉ हिमांशु चाष्टा की अध्यक्षता में सरकारी योजनाओं और नीतियों की जानकारी एवं सहकारी क्षेत्र में सफल महिला उद्यमी विषय पर व्याख्यान माला का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में अरुण कुमार साकेत ,अफसर खान (एबीएम) ग्रामीण आजीविका मिशन ब्लॉक जीरापुर की सहभागिता रही। तथा मुख्य वक्ता के रूप मे प्रगति पुष्पद एवं वंदना दांती उपस्थित हुए। अरुण कुमार साकेत ने ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत महिलाओं को दिए गए स्वरोजगार एवं स्वयं सहायता समूह के बारे में विस्तार से बताया। साथ ही अफसर खान के द्वारा समझाया गया कि ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान के माध्यम से युवाओं एवं युवतियों को प्रशिक्षण हेतु ग्रामीण आजीविका मिशन किस प्रकार मदद करती है जिससे महिलाऐं किस प्रकार स्वयं सहायता समूह के माध्यम से अपना उद्यम स्थापित कर सकती है। प्रगति पुष्पद ने महिला उद्यमियों के द्वारा चलाए गए लघु एवं कुटीर उद्योगों के बारे में बताया। इस मौके पर ग्रंथपाल पुष्पेंद्र कुमार अहिरवार कार्यक्रम प्रभारी कपिल वैष्णव, डॉ ओम प्रकाश गुप्ता, डॉ रीना पाटीदार, डॉ महेश नरवरिया, डॉ कमल सिंह अहिरवार, ललित शर्मा, मुकेश कुमार सेन, मंगल सिंह झाला, केतन गुप्ता, अनुपम आचार्य, इंदर सिंह गुर्जर एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहें।